दैनिक न्याय साक्षी

खबरें खास

रायगढ़, शनिवार 22 जून 2024

www.nyaysakshi.com



## महत्वपूर्ण एवं खास

### पंचायत सचिव लक्ष्मीकांत बहिदार निलंबित

**रायगढ़।** जिला पंचायत रायगढ़ के मुख्य कार्यपालन अधिकारी जितेन्द्र यादव ने ग्राम पंचायत पंचधार जनपद पंचायत बरमकेला के ग्राम पंचायत सचिव लक्ष्मीकांत बहिदार को अपने पदीय कर्तव्यों एवं दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही बरतने के लिए प्रथम दृष्टियां दोषी पाये जाने तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है। निलंबन अवधि में इनका मुख्यालय कार्यालय जनपद पंचायत बरमकेला निर्धारित किया गया है।

### सामान्य प्रशासन समिति एवं सामान्य सभा की बैठक 26 को

**रायगढ़।** जिला पंचायत अध्यक्ष निराकार पटेल की अध्यक्षता में सामान्य प्रशासन समिति की बैठक 26 जून को पूर्वान्ह 11 बजे से एवं सामान्य सभा की बैठक दोपहर 2 बजे से जिला पंचायत रायगढ़ के सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी।

### वार्ड क्र.47 में शास.उचित मूल्य दुकान संचालन के लिए 28 जून तक मंगाये गये आवेदन

**रायगढ़।** सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत नगर निगम अंतर्गत वार्ड क्रमांक 47 गोवर्धनपुर, रायगढ़ में नवीन शासकीय उचित मूल्य दुकान संचालन के लिए 28 जून 2024 तक आवेदन मंगाये गये है। इच्छुक स्थानीय नगरीय निकाय/महिला स्व-सहायता समूह/प्राथमिक कृषि साख समितियां/ अन्य सहकारी समितियां/ वन सुरक्षा समिति अपने पंजीयन प्रमाण-पत्र एवं अन्य सुसंगत दस्तावेजों सहित निर्धारित प्रपत्र में आवेदन कार्यालय कलेक्टर, खाद्य शाखा रायगढ़ में जमा कर सकते है। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदन पत्रों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

### जिले में 53.1 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज

**रायगढ़।** चालू वर्षा मौसम में रायगढ़ जिले में 21 जून तक 53.1 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटे में जिले में 10.7 मिली मीटर औसत वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले के रायगढ़ तहसील में 99.8 मिली मीटर, पुसौर में 110.4, खरसिया में 13.3, घरघोड़ा में 72.9, तमनार में 31.8, लैलूंगा में 59.7, मुकडेगा में 50.4, धरमजयगढ़ में 18.3, छाल में 53.7 एवं कापू में 20.5 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है।

### कबीर जयन्ती के अवसर पर 22 जून को शुष्क दिवस घोषित

**रायगढ़।** राज्य शासन द्वारा 22 जून कबीर जयन्ती के अवसर पर राज्य में शुष्क दिवस घोषित किया है। इस दौरान प्रदेश के जिलों में स्थित समस्त देशी एवं विदेशी मदिरा की फुटकर दुकानों, रेस्टोरेन्ट-बार, होटल-बार, क्लब आदि को बंद रखे जाने हेतु आदेशित किया गया है।

### रोजगार सह प्लेसमेंट कैम्प मेला 25 जून को

**रायगढ़।** निजी क्षेत्र की रिक्तियों में प्लेसमेंट को बढ़ावा देने के लिए 25 जून 2024 को प्रात: 10 बजे से शासकीय आईटीआई घरघोड़ा, जिला-रायगढ़ में रोजगार सह प्लेसमेंट कैम्प मेला का आयोजन किया जाएगा। जिसमें तीन निजी संस्थानों में रिक्त विभिन्न 52 पदों पर भर्ती की जाएगी। इनमें मे.टीआरएन एनर्जी प्रा.लिमिटेड टेण्डा नवापारा रायगढ़ में सीनियर फीटर, फीटर, वेल्डर, सीनियर टेक्नीशियन, टेक्नीशियन, हेल्फर, सीनियर इलेक्ट्रीशियन, इलेक्ट्रीशियन एवं फील्ड ऑपरेटर के रिक्त पदों पर भर्ती की जाएगी। इसी तरह मे.सिंघल ग्रुप ऑफ इंडस्ट्रीज तरईमाल पो.गेरवानी रायगढ़ द्वारा ट्रेनी तथा मे.फेबोका मैटल्स प्रा.लिमि. गेरवानी रायगढ़ द्वारा क्वालिटी इंस्पेक्शन स्टोर, वेल्डर, फीटर एवं लैथ ऑपरेटर के पद शामिल है। इस संबंध में अन्य विस्तृत जानकारी के लिए जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, रायगढ़ में संपर्क कर सकते है।

# 'स्वयं और समाज के लिए योग' थीम के साथ मनाया गया दसवां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस, रायगढ़ स्टेडियम में किया गया सामूहिक योगाभ्यास

- स्वस्थ तन-मन के लिए योगाभ्यास की हमारी प्राचीन विरासत को आज पूरी दुनिया अपना रही-राज्यसभा सांसद देवेन्द्र प्रताप सिंह
- कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक सहित जिला प्रशासन के अधिकारी व शहरवासी बड़ी संख्या में हुए शामिल

**रायगढ़**



21 जून को दसवां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। रायगढ़ के बोईरदादर स्टेडियम में प्रात: 07 बजे से राज्यसभा सांसद देवेन्द्र प्रताप सिंह के मुख्य आतिथ्य में सामूहिक योगाभ्यास प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम में योग प्रशिक्षकों द्वारा विभिन्न आसनों और प्राणायाम का अभ्यास कराया गया। जिला पंचायत अध्यक्ष निराकार पटेल, कलेक्टर कार्तिकेया गोयल, पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल, सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव, डीएफओ स्टाइलो मंडावी, एडीएम संतन देवी जांगडे, अपर कलेक्टर राजीव पांडेय उपस्थित रहे।

मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद देवेन्द्र प्रताप सिंह ने सभी को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि 'स्वयं और समाज के लिए योग' इस वर्ष योग दिवस का थीम है। शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक कल्याण को बढ़ावा देने के लिए यह थीम रखा गया है। योग की परंपरा अत्यंत प्राचीन है। सदियों से स्वस्थ तन मन के लिए योगाभ्यास किया जा रहा है, जिसे आज पूरी दुनिया अपना रही है। योग दिवस के आयोजन का इतिहास देखें तो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस आयोजन की अवधारण यूनाइटेड नेशन में रखा था। जिसके फलस्वरूप आज पूरी देश दुनिया में यह आयोजन किया जाता है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में पूरे प्रदेश में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का यह कार्यक्रम पूरे उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। उन्होंने योग से रायगढ़ शहर के पुराने जुड़ाव का एक संस्मरण साझा करते हुए बताया कि आज से करीब 50 वर्ष पूर्व सन 1967 में पंचम अंतर्राष्ट्रीय योग सम्मेलन का आयोजन रायगढ़ शहर में हुआ था।

इस अवसर पर कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का यह कार्यक्रम रायगढ़ जिला मुख्यालय के साथ सभी ब्लॉक मुख्यालयों एवं ग्राम पंचायतों में भी मनाया जा रहा है। योग से होने वाले फायदों के बारे में आज अंतर्राष्ट्रीय पटल पर चर्चा हो रही है। योग न केवल शरीर बल्कि मन को भी स्वस्थ बनाता है। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि सभी को योगाभ्यास को अपनी जीवन शैली में जरूर शामिल करना चाहिए। नगर निगम आयुक्त सुनील चंद्रवंशी, एसडीएम प्रवीण तिवारी, डीएसपी अभिनव उपाध्याय, उप संचालक समाज कल्याण शिव शंकर पांडेय, जिला पंचायत सदस्य संगीता गुप्ता, पंकज कंकरवाल, श्रवण केजरीवाल, योग प्रशिक्षक डॉ जाग्योशनी बारला, वर्षा प्रधान, चुलेश्वरी साव, मनीषा नवनीत सहित जिला प्रशासन के अधिकारी-कर्मचारी सहित बड़ी संख्या में नगरवासी सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम में शामिल हुए।

**20 आसनों और प्राणायाम का किया गया अभ्यास-** सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम में योग प्रशिक्षकों द्वारा 1 घंटे के अभ्यास सेशन में 20 से भी अधिक आसनों और प्राणायाम का अभ्यास कराया गया है। शिथली करण अभ्यास पश्चात स्कंध संचालन, कटि और घुटना संचालन के पश्चात योगाभ्यास शुरू हुआ। जिसके पश्चात खड़े होकर किए जाने वाले आसनों जैसे ताड़ासन, वृक्षासन, पादहस्तासन, अर्ध चक्रासन, त्रिकोणासन का अभ्यास किया गया। इसके बाद भद्रासन, वज्रासन, अर्ध उष्ट्रासन, शशकासन, उत्तान मंडूकासन, व्रकासन, मकरासन, भुजंगासन, शलभासन, सेतु बंधासन, उत्तान पाद आसन, अर्ध हलासन, पवन मुक्तासन, शवासन का अभ्यास करवाया गया। इस दौरान योग प्रशिक्षकों द्वारा योग की मुद्रा और उसके स्वास्थ्यगत लाभों के बारे में जानकारी दी गई। योगाभ्यास के अंत में कपाल भाति और अनुलोम विलोम, शीतली, भ्रामरी प्राणायाम का अभ्यास कर शांति पाठ किया गया।

**नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर व आयुर्वेदिक काढ़ा वितरण, उद्यानिकी विभाग ने बांटे पौधे-** योगाभ्यास कार्यक्रम के द्वारा यहां स्वास्थ्य विभाग द्वारा नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया था। जहां बीपी, शुगर जांच के साथ दवा वितरण किया गया। आयुष विभाग द्वारा इस मौके पर स्वास्थ्य लाभ हेतु आयुर्वेदिक काढ़ा का वितरण किया गया। मानसून में पौधरोपण को बढ़ावा देने योगाभ्यास के लिए पहुंचे शहरवासियों को उद्यानिकी विभाग द्वारा नि:शुल्क मुनगा और बिही के पौधे बांटे गए।

**बच्चों ने योग मुद्राओं का किया मोहक प्रदर्शन-** कार्यक्रम में आयुष विभाग द्वारा संचालित योग प्रशिक्षण केन्द्र के बच्चों ने विभिन्न आसनों का प्रदर्शन किया गया। बच्चों द्वारा कठिन योगमुद्राओं का भी मोहक प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों द्वारा सभी बच्चों को सम्मानित किया गया।

# नीचेपारा और ग्राम चूल्हा खोल में धरमजयगढ़ पुलिस ने लगाया चलित थाना

- थाना प्रभारी ने रहवासियों को दी अपराधों की जानकारी और सामाजिक कुरीतियों के प्रति किया जागरूक

**रायगढ़**



पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के दिशा निर्देशन पर आमजन एवं पुलिस के बीच अच्छे संबंध स्थापित करने एवं आमजन को अपराधों के प्रति जागरूक करने नियमित रूप से वार्ड/ग्राम स्तर पर चलित थाना का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में कल थाना प्रभारी धरमजयगढ़ निरीक्षक कमला पुसाम के साथ थाना स्टाफ द्वारा धरमजयगढ़ नीचेपारा एवं ग्राम चूल्हा खोल में चलित थाना लगाया गया।

चलित थाना में स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ काफी संख्या में महिला-पुरुष, बच्चे उपस्थित थे। धरमजयगढ़ टीआई कमला पुसाम ने उपस्थित लोगों से चर्चा करते हुए झगड़ा विवाद, चोरी आदि की जानकारी लिया गया तथा आपस में मिलजुल कर रहने की समझाइए दी। उन्होंने वर्तमान में हो रही साइबर ठगी के बारे में जानकारी देकर मोबाइल पर आये अनजान व्यक्तियों के कॉल पर किसी प्रकार की निजी जानकारी या ओटीपी नहीं बताने पर साइबर ठगी से बचा जा सकता है कहा गया और मोबाइल पर अनजान व्यक्तियों के बताए लुभावने स्कीम पर धन निवेश से बचने बताये। इस दौरान थाना प्रभारी ने अभिव्यक्ति ऐप तथा पुलिस सहायता के लिए डॉयल 112 की जानकारी दी गई और सामाजिक कुरीतियां- मद्यपान, व्यसन, मानव तस्करी बाल श्रम, जादू टोना जैसे क्रियाकलाप से दूर रहने जागरूक किया गया और यातायात नियमों का पालन करने तेज गति में वाहन चलाने से बचने और हेलमेट पहनने कर वाहन चलाने की समझाइश दी गई। चलित थाने में थाना प्रभारी धरमजयगढ़ के साथ महिला प्रधान आरक्षक सुदो भगत, आरक्षक विजयानंद राठिया भी मौजूद थे।

# रेत एवं चूना पत्थर का अवैध परिवहन, खनिज विभाग ने जब्त किया 8 वाहन

- खनिज रेत के अवैध उत्खनन एवं भण्डारण पर दो प्रकरण दर्ज
- बिना बैध दस्तावेज के खनिज उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण पर होगी दण्डात्मक कार्यवाही
- खनिज अमलों द्वारा आगे भी जारी रहेगी कार्यवाही

**रायगढ़**

कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने जिले में खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण पर प्रभावी रोकथाम करने हेतु निर्देश दिए थे। उक्त निर्देश के परिपालन में खनिज विभाग द्वारा गत दिवस निरीक्षण के दौरान खनिज रेत के 3 हाइवा एवं चूनापत्थर के 5 वाहन इस प्रकार अवैध परिवहन के कुल 8 प्रकरण जप्त किया गया है। इसी प्रकार खनिज रेत के अवैध भण्डारण एवं खनिज रेत के अवैध उत्खनन के एक-एक प्रकरण दर्ज किए गए है। अवैध परिवहन में संलिप्त वाहनों को थाना चक्रधरनगर एवं थाना पुसौर रायगढ़ में रखा गया है।

उप संचालक खनिज ने जानकारी देते हुए बताया कि मुकेश कुमार मित्तल, पप्पू बोंदा, दीपक सिंघल, थाना रोड रायगढ़, पूजा क्रेशर, टिमरलगा सारंगढ़ एवं मंगल स्टोर क्रेशर, बानीपाथर खरसिया से चूनापत्थर के कुल 5 वाहन तथा दिनेश यादव रायगढ़ से रेत परिवहन के 01 वाहन तथा बबलू बेहरा, चांटीपाली रायगढ़ से रेत के 2 वाहन जप्त किए गए है। इसी तरह अवैध भण्डारणकर्ता नमो नारायण पटेल, उसरौट रायगढ़ तथा अवैध उत्खननकर्ता मुरली साव, कांदागढ़ रायगढ़ से खनिज रेत के अवैध उत्खनन एवं भण्डारण पर एक-एक प्रकरण दर्ज किया गया है।

उक्त सभी वाहनों पर खान एवं खनिज (निकास और विनियमन) अधिनियम 1957 की धारा 1 के अंतर्गत दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी। पूर्व में भी जिले के खनिज ठेकेदारों, खनिज परिवहन, उत्खनन, भण्डारण कर्ताओं को भी निर्देशित किया गया है कि बिना बैध दस्तावेज के खनिज उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण करना दण्डनीय अपराध है और इस प्रकार के कृत्य करने पर दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी। कलेक्टर के निर्देशन में खनिज उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण पर प्रभावी नियंत्रण हेतु खनिज अमलों द्वारा विशेष अभियान चलाकर निरंतर जांच की जाएगी।

# वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी ने दीदी सदन निर्माण का किया भूमिपूजन

- वित्त मंत्री चौधरी ने कहा-भाईदूज तक सदन का निर्माण पूर्ण कर दीदियों को करेंगे समर्पित
- पंचायत ट्रेनिंग सेंटर परिसर में महिलाओं के लिए तैयार होगा 'दीदी सदन'

**रायगढ़**



वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी ने आज क्षेत्रीय पंचायत एवं ग्रामीण विकास प्रशिक्षण केन्द्र परिसर में बिहान की स्व-सहायता समूह की महिलाओं के लिए बनने वाले दीदी सदन का भूमि पूजन किया। यह सदन बिहान स्व-सहायता समूह की महिलाओं के ट्रेनिंग और मीटिंग व रिव्यू के लिए एक समर्पित केंद्र होगा।

इस अवसर पर वित्त मंत्री चौधरी ने सभी महिलाओं को बधाई देते हुए कहा कि महिला सदन की बहुप्रतीक्षित मांग शीघ्र पूरी होने जा रही है। रायगढ़ के लिए बनाए विकास पत्र में भी इस मांग को शामिल किया था। खुशी है कि आज भवन निर्माण के लिए भूमि पूजन किया जा रहा है। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं से कहा कि भवन के शीघ्र निर्माण को लेकर हम प्रतिबद्ध हैं और कोशिश होगी कि निर्माण कार्यों के पूर्णता की तिथि भी पहले से निर्धारित करके चलें। उन्होंने कहा कि महिला सदन का निर्माण काम आगामी भाईदूज तक पूरा करेंगे। इस सदन का पूरा प्रबंधन महिलाओं के हाथों में होगा। ये उनका अपना केंद्र होगा। उन्होंने बताया कि इसके साथ ही क्षेत्रीय क्लस्टर भवन निर्माण की रूप रेखा तैयार की जा रही है। इसके लिए अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं। वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी ने कहा कि प्रदेश सरकार महिलाओं के आर्थिक सामाजिक विकास के लिए संकल्पित होकर कार्य कर रही है। महिलाओं के आर्थिक सुदृढ़ीकरण के लिए प्रदेश में संचालित महतारी वंदन योजना पूरे देश में चल रही सबसे बड़ी योजना है। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार द्वारा महिला केंद्रित योजनाओं का निर्माण और क्रियान्वयन प्राथमिकता से किया जा रहा है। महिला उद्यमिता को बढ़ावा देने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में लखपति दीदी योजना चलाई जा रही है। जिले में इस योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए भी उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया।

कार्यक्रम में वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी ने परिसर में वृक्षारोपण भी किया। उन्होंने करंज का पौधा लगाया। इस अवसर पर कलेक्टर कार्तिकेया गोयल, सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव, पूर्व विधायक विजय अग्रवाल, नेता प्रतिपक्ष नगर निगम पूनम सोलंकी, उमेश अग्रवाल, विवेक रंजन सिन्हा, रायगढ़ बीएलएफ अध्यक्ष कमला पटेल, पंकज कंकरवाल, कौशलेश मिश्रा, विकास केडिया, मुकेश जैन, राजेंद्र ठाकुर, सुरेश गोयल, महेश शुक्ला, बबुआ मुक्तिनाथ सहित जिला और जनपद पंचायत और विभिन्न विभागों के अधिकारी और स्व-सहायता समूह की महिलाएं उपस्थित रही।

# घरवालों से मारपीट करने वाला युवक गया जेल, मारपीट की शिकायत पर जूटमिल पुलिस ने कार्यवाई

**रायगढ़**

दिनांक 18.06.2024 को मिट्ठूमुडा में रहने वाले महावीर चौहान (उम्र 40 वर्ष) द्वारा उसके छोटे भाई अजय चौहान पर मामूली बातों पर मारपीट करने और घर में रखे सब्जी काटने वाले चाकू से चोट पहुंचाने की रिपोर्ट दर्ज कराया।

रिपोर्टकर्ता ने बताया कि उसका भाई अजय आये दिन घर पर झगड़ा विवाद करता है। दिनांक 18.06.2024 के दोपहर करीबन 12.00 बजे अजय चौहान शराब के नशे में घर आकर मां से शराब पीने के लिये रूपये मांग रहा था जिसे रूपये नहीं मिलने पर इसके साथ गंदी-गंदी गाली गलौज कर हाथ मुक्का से मारपीट करने लगा और आवेश में आकर घर में रखे सब्जी काटने के चाकू से मारपीट कर चोट पहुंचाया है। मारपीट की रिपोर्ट पर थाना जूटमिल में आरोपी अजय चौहान (25 साल) के विरूद्ध अप.क्र. 281/2024 धारा 294,506,323,327 आईपीसी का अपराध पंजीबद्ध कर आहत महावीर चौहान का चिकित्सकीय परीक्षण कराया गया, मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर प्रकरण में धारा 324 आईपीसी विस्तारित कर आरोपी अजय चौहान को 19 जून के देर शाम जूटमिल क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया।

आरोपी को कल जूटमिल पुलिस द्वारा न्यायालय रिमांड लेने पेश किया गया था, माननीय न्यायालय द्वारा आरोपी का जेल वारंट जारी किये जाने पर जूटमिल पुलिस द्वारा आरोपी को जिला जेल दाखिल किया गया है।

# जिला न्यायालय एवं तहसील न्यायालय प्रांगण में योग शिविर आयोजित

**रायगढ़**



छ.ग.राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, बिलासपुर के निर्देशन एवं अरविन्द कुमार सिन्हा जिला न्यायाधीश/ अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायगढ़, के मार्गदर्शन में अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिला न्यायालय परिसर में प्रशिक्षित योग शिक्षक की उपस्थिति में योग शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर में जिला न्यायालय एवं परिवार न्यायालय के समस्त न्यायाधीशगण एवं कर्मचारीगण सहित जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष, अधिवक्तागण एवं पैरालीगल वालिंटियर्स सम्मिलित हुए। इस अवसर पर उपस्थित योग शिक्षकों द्वारा योग से होने वाले लाभ एवं उसके महत्व के बारे में समझाते हुये अपने जीवन में योग को अपनाने की अपील की गई। इसी प्रकार तहसील न्यायालयों में भी योग दिवस के अवसर पर योग शिविरों का आयोजन किया गया।

योग शिविर आयोजन में समाज कल्याण विभाग रायगढ़ से सिद्धान्त शंकर मोहन्ती के द्वारा विशेष सहयोग प्रदान किया गया। अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय एवं तहसीलों को मिलाकर 355 अधिकारियों/कर्मचारियों/ अधिवक्तागण सहित उपस्थित अन्य लोगों ने योग शिविर का लाभ उठाया। कार्यक्रम के अंत में अरविन्द कुमार सिन्हा जिला न्यायाधीश द्वारा उपस्थित योग शिक्षक भवन अग्रवाल एवं ब्रज किशोर सामल को योग शिविर के उपलक्ष्य में प्रमाण-पत्र का वितरण किया गया।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस : जिले के 101 अमृत सरोवर स्थलों में हुआ योगाभ्यास

- 1600 से अधिक लोग हुए शामिल, सीखे विभिन्न योगाभ्यास के तरीके

**रायगढ़**



भारत सरकार के निर्देशानुसार स्वास्थ्य और प्रकृति के साथ सदभाव को बढ़ावा देने के लिए आज राज्य के सभी अमृत सरोवर स्थलों पर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया गया। कलेक्टर कार्तिकेया गोयल के निर्देशन एवं सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव के मार्गदर्शन में रायगढ़ जिले के सभी जनपदों के अमृत सरोवर स्थलों में योगाभ्यास किया गया।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर महात्मा गांधी नरेगा योजनांतर्गत जिले के 07 विकासखण्डों में कुल 101 अमृत सरोवर स्थलों में योग शिविर का आयोजन किया जाकर योगा अभ्यास करवाया गया। जिसमें विकासखण्ड धरमजयगढ़ में 19 अमृत सरोवर, घरघोड़ा में-12, खरसिया में-27, लैलूंगा में-16, पुसौर में-09, रायगढ़ में-11 एवं विकासखण्ड तमनार में-07 अमृत सरोवर अमृत सरोवर स्थलों में योग दिवस का आयोजन किया गया है। इसके अलावा ग्राम पंचायत स्तर पर योग दिवस का आयोजन पंचायत विभाग द्वारा कराया गया था।

उक्त कार्यक्रम में ग्राम पंचायत के सरपंच, पंच, ग्राम रोजगार सहायक, महिला समूहों, पंचायत के पदाधिकारीगण एवं अन्य ग्रामीणजनों सहित लगभग 1694 लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और विभिन्न योग आसनों का अभ्यास किया तथा योग प्रशिक्षकों ने भी सभी को सही तरीके से योग करने के लिए मार्गदर्शन दिया एवं योगा के गुण रहस्य के बारे में विस्तृत रूप से प्रायोगिक तौर पर बताया गया। जिसमें योग प्रशिक्षकों द्वारा ताड़ासन, वृक्षासन, पादहस्तासन, अर्ध चक्रासन, त्रिकोणासन, भद्रासन, वज्रासन, अर्ध उष्ट्रासन, शशकासन, उत्तान मंडूकासन, व्रकासन, मकरासन, भुजंगासन, शलभासन, सेतु बंधासन, उत्तान पाद आसन, अर्ध हलासन, पवन मुक्तासन, शवासन योगासन के साथ ही कपाल भाति और अनुलोम विलोम, शीतली, भ्रामरी प्राणायाम जैसे विभिन्न योगा अभ्यास करवाया गया। उपरोक्त कार्यक्रम का भुवन एप एवं अमृत सरोवर एप के माध्यम से भी विडियो एवं फोटोग्राफ्स भारत शासन के वेबसाईट पर अपलोड किया गया। योग दिवस आयोजन में शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के प्रति सचेत करने के लिए प्रेरित किया गया तथा वहां उपस्थित सभी लोगों ने इस आयोजन की सराहना करते हुए भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रमों की उम्मीद जताई एवं उक्त कार्यक्रम में अमृत सरोवर के प्रति जागरूकता भी फैलाई गई।

आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण महिला-पुरूष एवं बच्चों ने अमृत सरोवर स्थलों पर योगाभ्यास किया। इस अवसर पर सरपंच, उप सरपंच, सचिव, ग्राम रोजगार सहायक, वरिष्ठ नागरिक, ग्राम पंचायत के गणमान्य नागरिक तथा बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480